आज़ादी का
अमृत महोत्सव


# DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

## (University of Delhi)

Main Wazirabad Road, Yamuna Vihar, Delhi-110094, Phones: 22814126, Telefax: 22814747
Email: info@drbrambedkarcollege.ac.in; brambedkarcollege.du@gmail.com;
principal@drbrambedkarcollege.ac.in; www.drbrambedkarcollege.ac.in
drbrac @bhim_ambedkar brambedkarcollege DrBRAC DU DrBRAC DU


Ref: BRAC/PO/Annual Day/2022-23/ 1242 Dated: 08.02.2023

## प्रेस विज्ञप्ति

डॉ भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय का 34वां वार्षिकोत्सव संपन्न

संभावित शीर्षकः युवा ही बनायेंगें भारत को एक विकसित राष्ट्रः डॉ. जेके बजाज

युवा वायु की तरह होते हैं प्रवाहमानः डॉ. मंजुल मुकुल काम्बले

यमुना विहार स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय का 34 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हो गया. इस मौक़े पर अकादमिक, एनसीसी, खेल, सांस्कृतिक गतिविधि एवं कला क्षेत्र में अव्वल कुल 120 छात्रों को पुरस्कृत किया गया, वहीं वरूण शर्मा एवं मेघा प्रजापति को वर्ष 2022-23 के सर्वश्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया. ये दोनों पढ़ाई के अलावा एनसीसी के बेहतरीन कैडेट के तौर पर विशेष तौर पर जाने जाते हैं.

स्थापना दिवस पर आयोजित इस वार्षिकोत्सव के मौक़े पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आर.एन. दूबे ने साल 2022-23 का लेखा-जोखा पेश करते हुए इसे आत्म-निरीक्षण का दिन बताया. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत, शिक्षक, गैर-शैक्षणिक सहयोगियों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. प्रोफेसर दूबे ने इस दौरान किंग्स कॉलेज, लंदन सहित देश के विभिन्न संस्थानों के साथ हुए समझौते( एमओयू), आईआईटी रूडकी के सहयोग से चलनेवाले भूकंप अध्ययन केन्द्र एवं बीएसईस यमुना विहार पावर लिमिटेड की ओर से दी जानेवाली छात्रवृत्ति योजना का ब्यौरा पेश करते हुए बताया कि इस संस्थान को आगे ले जाने में उन्हें समाज के विभिन्न घटकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है. विगत वर्ष पुस्कालय में तक़रीबन 5000 किताबों की खरीद, दर्जनों शोध-पत्रिका की सदस्यता लिए जाने से लेकर महाविद्यालय की उन तमाम कमेटियों और गतिविधियों का जिक्र किया जो कि लॉकडाउन के दौरान पसरे सन्नाटे, उदासी और आशंकओं का मुक़ाबला करते हुए छात्रों में उत्साह और प्रोत्साहन पैदा करने का काम कर रहे हैं. प्रोफेसर दूबे ने जोर देकर कहा कि निरंतर प्रयास और काम करते रहने के अलावा सफलता का दूसरा कोई विकल्प नहीं है.

इस मौक़े पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित इग्नू के प्रति उपकुलपति डॉ. मनरूप सिंह मीणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पूरी संस्कृति के केन्द्र में जीवटता और कर्म रहा है जिसकी चर्चा लगभग सभी प्रमुख ग्रंथों में किसी न किसी रूप में शामिल है. शिक्षकों के सहयोग से छात्र यदि इस ओर अग्रसर होते हैं तो वे बेहतर जीवन के साथ-साथ बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं. शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आगे नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत और बेहतर ढंग से मूल्य आधारित शिक्षा का विकास हो सकेगा.

मुख्य अतिथि के तौर पर मौज़ूद भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष डॉ. जेके बजाज ने महात्मा गांधी के कथन को उद्धत करते हुए कहा कि1947 के समय गांधी ने कहा कि हमें आज़ादी तो मिल गयी लेकिन पूरी तरह आज़ाद होने में 75 वर्ष लग जाएंगे. अब हमने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और अमृतकाल में हैं, अब किसी तरह का कोई बहाना नहीं चलेगा और हमें पूरी क्षमता के साथ विकसित देश बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा. यह तभी संभव हो सकेगा जब हम अपने भीतर दासता के भाव से मुक्त होकर स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ेंगे. आज के युवा के पास कोई कारण नहीं है कि वो इस भाव के साथ जिए, उसके भीतर इसके निशान भी नहीं होने चाहिए. उन्हें चाहिए कि वे उर्जा का संचयन करें और सही दिशा में लगाएं. इस दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पांच संकल्प दिए हैं, उन्हें दोहराते रहने की ज़रूरत है.

छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की अध्यक्ष प्रोफेसर मंजुल मुकुल काम्बले ने युवाओं की तुलना वायु से की और जोर देकर कहा कि उनकी उर्जा वायु की तरह निरंतर प्रवाहमान होती है. उन्होंने महाविद्यालय के स्थापना काल से लेकर अब तक की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि छात्र जीवन से ही मैं इस संस्थान को देखती आयी हूं और आज यह जहां खड़ा है, वह अप्रत्याशित है. यहां से पढ़ाई करके डिग्री हासिल करनेवाले छात्र इस बात पर गर्व करते हैं कि उनके साथ बाबा साहब अम्बेडकर का नाम जुड़ा है. कार्यकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष एवं इतालवी भाषा-साहित्य के मर्मज्ञ डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि बाबा साहब से सीखने और प्रेरणा पाने के लिए अनगिनत चीज़ें हैं किन्तु यहां मैं जोर देकर कहना चाहता हूं कि छात्रों को उनसे अनुशासन और कभी भी हिम्मत न हारने की सीख लेनी चाहिए. जीवन के व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि हम शिक्षक अपने छात्रों के साथ भले ही बेहद लचीलेपन के साथ पेश आते रहे हों किन्तु बाज़ार बहुत सख़्त है और वह किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतता. ऐसे में छात्रों को चाहिए कि वे ख़ुद को विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार करें.

कार्यक्रम की औपचारिक समाप्ति की घोषणा करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूनम मित्तल ने अतिथि वक्ता, प्राचार्य, शिक्षक, गैर-शैक्षणिक सहयोगियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम की रूप-रेखा की प्रस्तुति जहां सह-संयोजक डॉ. ममता यादव ने की वहीं पुरस्कारों का ब्यौरा डॉ. नरेन्द्र ठाकुर ने प्रस्तुत किया और डॉ. बिजेन्द्र कुमार ने अतिथियों के साथ मौज़ूद रहे. इस मौक़े पर हजारों छात्र कार्यक्रम के अंत तक पूरे उत्साह के साथ बने रहे.

मीडिया प्रभारी

08.2.23

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

**(University of Delhi)**

Main Wazirabad Road, Yamuna Vihar, Delhi-110094, Phones: 22814126, Telefax: 22814747
Email: info@drbrambedkarcollege.ac.in; brambedkarcollege.du@gmail.com;
principal@drbrambedkarcollege.ac.in; www.drbrambedkarcollege.ac.in

drbrac @bhim_ambedkar brambedkarcollege DrBRAC DU DrBRAC DU

Ref: BRAC/ENG DEPT/2022-23/ 1238 Dated: 08.02.2023

Annual Day and Prize Distribution Function held at Dr.Bhim Rao Ambedkar College, (University of Delhi)

## Press Release

Dr. Bhim Rao Ambedkar College, University of Delhi, celebrated its 32nd Annual Day and Prize Distribution function on 8th, February 2023 in the college auditorium. The Principal, Prof. R.N. Dubey, of the college, presented the annual report of the college and congratulated teaching and non-teaching staff and student-achievers in various fields during the academic session.

The function started with a floral tribute to the statute of Dr. Ambedkar and the customary lightning of lamp by the distinguished guests and the principal of the college. The Principal of the college highlighted that since its inception, it has maintained its incessant momentum on the path of progress, both in academics, researches and extra-curricular fields. He reported several activities organized by various committees and departments of the college during the session.

The Guest of Honour, Dr. Manroop Singh Meena, Pro-Vice Chancellor, IGNOU, motivated the youth to carry forward the significant roles that Indian has been contributing to the world. The Chief Guest, Dr. J.K. Bajaj, Chairman, Indian Council of Social Science Research, appreciated the NCC cadets and the college authority for the well maintained discipline and college campus. Prof. Manju Mukul Kamble, Chairperson, Governing Body, emphasized the role of youth in the country's development. The Guest of Honour, Prof. Ramesh Kumar, Treasurer, Governing Body, reminded that students should get inspired with Dr. Bhim Rao's traits, determination and discipline in particular.

Around 121 students were awarded for their achievements in academic and extra-curriculum activities. Varun Sharma of B.Com(P), 3rd Year and Megha Prajapati of B.A.(P) 3rd Year were declared as the best students of the year. The function ended with the national anthem. Dr. Mamta Yadav and Dr. Poonam were the convener and co-convener of the Annual Day function.

Sanjay Soni

Convener

Press Committee

08.2.23